दिन– शुक्रवार दिनांक– 17 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश के लोगों की आकांक्षाओं से संचालित भारत का ओटोमोबाईल क्षेत्र अभूतपूर्व कायाकल्प के दौर से गुजर रहा है। श्री मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में छह दिवसीय भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो दो हजार पच्चीस का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश के ओटो उद्योग में पिछले वर्ष बारह प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि मेक इन इंडिया पहल की शक्ति से देश के ओटो उद्योग की वृद्धि को समर्थन मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा कि भारत हरित प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रिक वाहन, हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधनों के विकास पर भी ध्यान दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत इस समय विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और तीसरा सबसे बड़ा यात्री वाहन बाजार है।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में दो हजार चौबीस के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। विश्व शतरंज चौंपियन डी गुकेश, पेरिस ओलिंपिक्स में दो पदक विजेता मनु भाकर, पुरूष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पेरिस पैरालिंपिक्स में स्वर्ण पदक विजेता प्रवीण कुमार को प्रतिष्ठित मेजर ध्यान चंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार पिछले चार वर्ष में खिलाडियों के शानदार और सर्वाधिक असाधारण खेल प्रदर्शन के लिए दिया जाता है।

———————————————————————

निगरानी विभाग ने बिहार पुल निर्माण निगम के प्रोजेक्ट इंजीनियर जंग बहादुर सिंह के कई ठिकानों पर छापेमारी में करोड़ों रुपये की चल–अचल संपत्ति जब्त की है। आय से अधिक संपत्ति मामले में न्यायालय से सर्च वारंट मिलने के बाद यह छापेमारी की गई। विभाग ने जंग बहादुर सिंह के पटना स्थित पुनाईचक और वेद नगर मोहल्ला,

बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड स्थित कार्यालय और बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुधानी गांव में छापेमारी की।

———————————————————————————

प्रयागराज में जारी महाकुंभ में श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए महाकुंभ मेला क्षेत्र के परेड ग्राउंड में सौ बिस्तरों वाला केंद्रीय अस्पताल स्थापित किया है। इधर, कल तीस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र नदियों के संगम में स्नान किया। महाकुंभ में अगला अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर उनतीस जनवरी को किया जायेगा।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार उन्नीस जनवरी को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अठारहवीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम के लिए लोग अपने सुझाव टॉल फ्री नंबर– एक आठ शून्य शून्य एक एक सात आठ शून्य शून्य पर आज रात तक भेज सकते हैं। छब्बीस जनवरी को गणतंत्र दिवस आयोजन के कारण मन की बात कार्यक्रम इस बार एक सप्ताह पहले निर्धारित किया गया है।

———————————————————————————

प्रदेश के अधिकांश भागों में पश्चिमी विक्षोभ के कारण कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर कम होने से लोगों को कनकनी का अहसान हो रहा है। आज रोहतास के डेहरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान आठ दशमलव छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। विभाग के अनुसार छपरा और डेहरी में शीतदिवस दर्ज किया गया। विभाग ने उन्नीस जनवरी तक प्रदेश के अधिकांश जिलों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने की संभावना जताई है। इस दौरान राज्य के न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट का पूर्वानुमान भी व्यक्त किया गया है।

————————————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिले के बख्तियारपुर में स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शहीदों की आदमकद प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजन सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————————————————

समाप्त